# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

पत्रांक 1090 /121 देहरादून, दिनांक 16 सितम्बर, 2020

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0,
डोईवाला, उत्तराखण्ड देहरादून।

विषयः– केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड डोईवाला के अन्तर्गत थानों भोगपुर मोटर मार्ग के किमी0 3 पर 240 मीटर पी0एस0सी0 मोटर सेतु के निर्माण हेतु– 0.986 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र संख्या–8बी/यू0सी0पी0/06/97/20120/एफ0सी0/1089 दिनॉक–28.08.2020 **तथा अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड का पत्रांक–696/FP/UK/ROAD /45839/2020 दिनांक–03.09.2020.**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में जो अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी , वन भूमि हस्तान्तरण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी देहरादून को सम्बोधीत है का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयॉकित प्रस्ताव पर उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत सैद्वान्तिक स्वीकृति में अध्यारोपित 24 शर्तो/प्रतिबन्धों का अनुपालन करते हुए निम्न धनराशि लेखा संख्या–एस0बी0–25229 कार्पोरेशन बैंक (भारत सरकार का उपकम) ब्लाक–11 भूतल सी0जी0ओ0 काम्पलैक्स, फेज–1, लोधी रोड़ नई दिल्ली–110003 में जमा करने के उपरान्त ही पावती की छायाप्रति, जमा की गयी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/चेक की छायाप्रति सहित प्रस्ताव के सन्दर्भ में अनुपालन आख्या (जिसमें जमा की गई धनराशि का मदवार विवरण अर्थात एन0पी0वी0, क्षतिपूरक वृक्षारोपण प्रस्तावित स्थल के आस–पास वृक्षारोपण तथा अन्य देय धनराशियों का विवरण दिया गया हो) उपलब्ध कराने की सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सैद्वान्तिक स्वीकृति के अनुसार निम्न शर्तो के अनुपालन में देय धनराशि का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| मद | क्षेत्रफल है0 में | घनत्व | ईको क्लास | दर/है0 | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| शर्त संख्या–4 के अनुसार– परियोजना के दोनों ओर रिक्त पड़े स्थानों पर 1972 वृक्षों का वृक्षा रोपण एवं 10 वर्षो के रखरखाव हेतु वांछित धनराशि। | - | - | - | प्राक्कलन के अनुसार | **363700.00** |
| शर्त संख्या–5 के अनुसार एन0पी0वी0 की शुद्ध वर्तमान मूल्य के अनुसार वांछित धनराशि। | **0.986** | **0.3** | I | **730000.00** | **719780.00** |
| | | | | **Total** | **1083480.00** |

अतः भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय (उत्तर मध्य क्षेत्र) सुभाष रोड़ देहरादून द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति के समस्त 24 शर्तो का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

**पत्रांकः– / 12–1 तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः–** अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी उत्तराखण्ड देहरादून को उनके उपरोक्त संदर्भि पत्र के कम में **1972 वृक्षों के प्राक्कलन** 03 प्रतियों में संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** वन क्षेत्राधिकारी थानों रेंज को इस आश्य से प्रेषित कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं (जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र) 25 सुभाष रोड़, देहरादून द्वारा विषयॉकित प्रस्ताव मे प्रदत्त की गई सैद्वान्तिक स्वीकृति की छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

Scanned by CamScanner